देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

शराब घोटाला: अरविंद केजरीवाल... 12 | लखनऊ में यूपी की सबसे बड़ी फूल-मंडी पर... 05



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 282
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 26 जुलाई, 2024

# ऋतु के अनुसार सभी फलों और सब्जियों का प्रतिदिन करें सेवन: कुलपति



**जन एक्सप्रेस कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के फल विज्ञान विभाग तथा फ्लोरी कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह एवं समिति की अध्यक्ष उषा झुनझुनवाला, सचिव राजश्री डालमिया, सीएसजेएमयू के डॉ. हिमांशु त्रिवेदी, डॉ.आर पी सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रो. वी के त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि हमको अपने घर में पर्यावरण को बचाते हुए अपने घर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न शोभाकारी पौधों को रोपित करने के साथ उनका उचित प्रबंध करना अवश्य करना चाहिए ।उन्होंने ऋतु के अनुसार सभी फलों और सब्जियों का प्रतिदिन सेवन करने की सलाह दी। जिससे हम स्वस्थ रहते हुए अपने अंदर प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर सकते हैं और संभव हो सके तो सब्जियां अपने घर में ही उगाकर सेवन में ले तो ज्यादा अच्छा रहता है। इस अवसर विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान डॉ.वी के त्रिपाठी, ने ऋतु के अनुसार घर में उगाये जाने वाले शोभाकारी पौधों के प्रबंधन, उनके उत्पादन की विभिन्न बारिकियों पर जानकारी दी। डॉ.हिमांशु त्रिवेदी ने पौधों से बोनसाई बनाने के विभिन्न तरीकों और समय के बारे में जानकारी दी। डॉ. आर पी सिंह ने अपने-अपने बंगले में लॉन को कैसे रोपित कर सुंदर बनाएं, के बारे में जानकारी दी। डॉ.राजीव ने पोषण वाटिका को बनाने, सब्जियों को उगाने की तकनीक के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उषा झुनझुनवाला ने बताया कि हम सभी अपने-अपने घरों, बंगलो पर स्वयं से तथा अपने सहयोगियों की मदद से विभिन्न पौधों को रोपित कर शहर में पर्यावरण के प्रति मुहिम चलाते रहते हैं। संस्था की सचिव राजश्री डालमिया ने बताया कि हम सब 2007 में स्थापित की गई इस संस्था के द्वारा शहर में पर्यावरण और सुन्दरता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम करते रहते हैं। इस कार्यक्रम में आभा अग्रवाल, कंचन गर्ग सहित संस्था के 30 सदस्यों ने प्रतिभाग किया।




भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज ऐप
इनस्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

मौसम
अधिकतम तापमान 33.c
27.c न्यूनतम तापमान
बाजार
सोना 74.755 g
चांदी 91.150 kg
सेंसेक्स 79,441.45

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# यूपी मैसेंजर
जनता की आवाज

04 शांति और क्रांति का आधार है विचार | रोस्ट शो में शामिल होने को कुछ

वर्ष :10 अंक :175 लखनऊ से प्रकाशित लखनऊ ,शुक्रवार 26 जुलाई 2024 पृष्ठ : 08

## फल विज्ञान और फ्लोरी कल्चर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

यूपी मैसेंजर




कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के फल विज्ञान विभाग तथा फ्लोरी कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ विवि के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं समिति की अध्यक्ष उषा झुनझुनवाला, सचिव राजश्री डालमिया, सीएसजेएमयू के डॉ हिमांशु त्रिवेदी, डॉ आर पी सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर वी के त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन उद्घाटन के अवसर पर विवि के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा कि हमको अपने घर में पर्यावरण को बचाते हुए अपने घर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न शोभाकारी पौधों को रोपित करने के साथ उनका उचित प्रबंध करना अति आवश्यक है। उन्होंने ऋतु के अनुसार सभी फलों और सब्जियों का प्रतिदिन सेवन करने की सलाह दी। जिससे हम स्वस्थ रहते हुए अपने अंदर प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर सकते हैं और संभव हो सके तो सब्जियां अपने घर में ही उगाकर सेवन में ले तो ज्यादा अच्छा रहता है। इस अवसर डॉ वी के त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान ने ऋतु के अनुसार घर में उगाये जाने वाले शोभाकारी पौधों के प्रबंधन, उनके उत्पादन की विभिन्न बारिकियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पौधों को किस प्रकार से उत्पादन और घर में किस प्रकार और कहा किस पौधे को रोपित करके, घर पर ही अपने स्वयं के पौधे कैसे तैयार कर सकते हैं। डॉ हिमांशु त्रिवेदी ने पौधों से बोनसाई बनाने की विभिन्न तरीकों और समय के बारे में जानकारी दी। डॉ आर पी सिंह ने अपने-अपने बंगले में लॉन को कैसे रोपित कर सुंदर बनाएं, के बारे में जानकारी दें। डॉ राजीव ने पोषण वाटिका को बनाने, सब्जियों को उगाने की तकनीक के बारे में विशेष जानकारी दी। स्वागत भाषण में समिति की अध्यक्ष उषा झुनझुनवाला ने बताया कि हम सभी अपने-अपने घरों/बंगलो पर स्वयं से तथा अपने सहयोगियों की मदद से विभिन्न पौधों को रोपित कर शहर में पर्यावरण के प्रति मुहिम चलाते रहते हैं। संस्था की सचिव राजश्री डालमिया ने बताया कि हम सब 2007 में स्थापित की गई इस संस्था के द्वारा शहर में पर्यावरण और सुन्दरता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम करते रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सदस्य श्री मनोज गुप्ता जी ने किया। इस कार्यक्रम में आभा अग्रवाल, कंचन गर्ग सहित संस्था के 30 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक सहायक, शोध छात्र एवं परास्नातक छात्र एवं छात्राएं भी उपस्थित रहे।

उत्तराखंड,मध्य-प्रदेश,उत्तर-प्रदेश,राजस्थान,बिहार,महाराष्ट,गुजरात,संघ प्रदेश,से एक साथ प्रसारित

हिन्दी दैनिक

RNI NO - UTTHIN/2018/76731

गांव देहात की खबर,शहर पर भी नजर

# दि ग्राम टुडे

मौसम

अधि. 15 | सूर्योदय: 7:31

न्यून. 06 | सूर्यास्त: 5:27

शुक्रवार, 26 जुलाई 2024

वर्ष: 06 अंक: 226 | पेज: 08, मूल्य: 2 रूपये

Email : thegramtodayeditor@gmail.com

## सीएसए के फल विज्ञान विभाग तथा फ्लोरी कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

दि ग्राम टुडे, कानपुर।
(संजय मौर्य)

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के फल विज्ञान विभाग तथा फ्लोरी कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आज दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं समिति की अध्यक्ष श्रीमती उषा झुनझुनवाला, सचिव श्रीमती राजश्री डालमिया, सीएसजेएमयू के डॉ हिमांशु त्रिवेदी, डॉ आर पी सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर वी के त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन उद्घाटन के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा कि हमको अपने घर में पर्यावरण को बचाते हुए अपने घर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न शोभाकारी पौधों को रोपित करने के साथ उनका उचित प्रबंध करना अति आवश्यक है। उन्होंने ऋतु के अनुसार सभी फलों और सब्जियों का प्रतिदिन सेवन करने की सलाह दी। जिससे हम स्वस्थ रहते हुए अपने अंदर प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर सकते हैं और संभव हो सके तो सब्जियां अपने घर में ही उगाकर सेवन में ले तो ज्यादा अच्छा रहता है। इस अवसर डॉ वी के त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान ने ऋतु के अनुसार घर में उगाये जाने वाले शोभाकारी पौधों के प्रबंधन, उनके उत्पादन की विभिन्न बारिकियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पौधों को किस प्रकार से उत्पादन और घर में किस प्रकार और कहा किस पौधे को रोपित करके, घर पर ही अपने स्वयं के पौधे कैसे तैयार कर सकते हैं। डॉ हिमांशु त्रिवेदी ने पौधों से बोनसाई बनाने की विभिन्न तरीकों और समय के बारे में जानकारी दी। डॉ आर पी सिंह ने अपने-अपने बंगले में लॉन को कैसे रोपित कर सुंदर बनाएं, के बारे में जानकारी दें। डॉ राजीव ने पोषण वाटिका को बनाने, सब्जियों को उगाने की तकनीक के बारे में विशेष जानकारी दी। स्वागत भाषण में समिति की अध्यक्ष श्रीमती उषा झुनझुनवाला ने बताया कि हम सभी अपने-अपने घरों/बंगलो पर स्वयं से तथा अपने सहयोगियों की मदद से विभिन्न पौधों को रोपित कर शहर में पर्यावरण के प्रति मुहिम चलाते रहते हैं। संस्था की सचिव श्रीमती राजश्री डालमिया ने बताया कि हम सब 2007 में स्थापित की गई इस संस्था के द्वारा शहर में पर्यावरण और सुन्दरता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम करते रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सदस्य श्री मनोज गुप्ता जी ने किया। इस कार्यक्रम में आभा अग्रवाल, कंचन गर्ग सहित संस्था के 30 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक सहायक, शोध छात्र एवं परास्नातक छात्र एवं छात्राएं भी उपस्थित रहे।



सूर्यास्त 05.12 | कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 16 अंक : 28 | कानपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024 | नगर संस्करण | पृष्ठ 12 | मूल्य : 2.00 रुपए
न्यूनतम 15.0°
62,710
78,500

# राष्ट्रीय स्वरूप

# फल विज्ञान और फ्लोरी कल्चर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के फल विज्ञान विभाग तथा फ्लोरी कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ विवि के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं समिति की अध्यक्ष उषा झुनझुन वाला, सचिव राजश्री डालमिया सीएसजेएमयू के डॉ हिमांशु त्रिवेदी, डॉ आर पी सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर वी के त्रिपाठी विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन उद्घाटन के अवसर पर विवि के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा कि हमको अपने घर में पर्यावरण को बचाते हुए अपने घर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न शोभाकारी पौधों को रोपित करने के साथ उनका उचित प्रबंध करना अति आवश्यक है।

हिंदुस्तान 26/07/2024

# मौसमी फलों का सेवन बचाता है बीमारियों से

कानपुर। सीएसए के फल विज्ञान विभाग और फ्लोरी कल्चर सोसायटी के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह व समिति की अध्यक्ष ऊषा झुनझुनवाला, राजश्री डालमिया, डॉ. हिमांशु त्रिवेदी, डॉ. आरपी सिंह ने शुभारंभ किया। कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने मौसम के अनुसार फलों और सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी। डॉ. हिमांशु त्रिवेदी,डॉ. राजीव ने जानकारी दी। विभागाध्यक्ष प्रो. वीके त्रिपाठी, आभा अग्रवाल, कंचन गर्ग, मनोज गुप्ता मौजूद रहे।

दैनिक जागरण 26/07/2024

# घर की बागवानी से मिलती सेहत-सुंदरता

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के फल विज्ञान विभाग तथा फ्लोरी कल्चर सोसायटी की ओर से गुरुवार को शुरू हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि घर के बगीचे में पेड़-पौधे लगाने से जहां घर की सुंदरता बढ़ती है, वहीं परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। उन्होंने कहा कि ऋतु के अनुसार सभी फलों और सब्जियों का प्रतिदिन सेवन करने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर सकते हैं और संभव हो सके तो सब्जियां अपने घर में ही उगाकर सेवन करें तो ज्यादा अच्छा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में फ्लोरी कल्चर समिति की अध्यक्ष उषा झुनझुनवाला, राजश्री डालमिया, सीएसजेएमयू के डा. हिमांशु त्रिवेदी, डा. आर पी सिंह शामिल हुए। फल विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. वी के त्रिपाठी ने बताया कि यहां पौधों के रखरखाव और बोनसाई बनाने के तरीके भी सिखाए गए। आभा अग्रवाल, कंचन गर्ग रहीं।